दानी बड़ा ये भोलेनाथ

दानी बड़ा ये भोलेनाथ,
पूरी करे मन की मुराद,
देख ले माँग के माँग के,
तेरा बिगड़ा मुक़द्दर सवर जायेगा,
तेरा दामन भी खुशियों से भर जायेगा॥

दिन दयालु कहे इसको जमाना,
काम है इसका किस्मत जगाना...-2
भोले के दर पे जिसने अर्जी लगाई है,
हाथो ही हाथ हुई उसकी सुनाई है,
देख ले माँग के माँग के,
तेरा बिगड़ा मुक़द्दर सवर जायेगा,
तेरा दामन भी खुशियों से भर जायेगा।

देवो का देव तीनो लोको का स्वामी,
देखि दातारि हुई दुनिया दीवानी....-2
राजा बनाये पल भर में भिखारी को,
करते निहाल भोले अपने पुजारी को,
देख ले माँग के माँग के,
तेरा बिगड़ा मुक़द्दर सवर जायेगा,
तेरा दामन भी खुशियों से भर जायेगा।

भोला भाला है दिल इसका बड़ा है,
देखे कभी ना कौन लेने खड़ा है...-2
रावण को सोने की लंका दे डाली,
सोनू लौटाया नहीं किसी को भी खाली,
देख ले माँग के माँग के,
तेरा बिगड़ा मुक़द्दर सवर जायेगा,
तेरा दामन भी खुशियों से भर जायेगा।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25921/title/daani-bada-ye-bholenaath

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |